नवभारत
छत्तीसगढ़ • ओडिशा
Kawardha - 19 Mar 2024 - KWD1
epaper.navabharat.news

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए ऑनलाइन कार्यशाला का किया गया आयोजन

**नवभारत ब्यूरो । कवर्धा।**

आचार्य पंथ श्री गृंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कवर्धा के आंतरिक परिवाद समिति द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला का अयोजन ऑनलाइन माध्यम से प्राचार्य के निर्देशन में डॉ. ऋचा मिश्रा द्वारा किया गया। जिसमे मुख्य अतिथि के रूप में अभिलाषा पांडा उप संचालक समाज कल्याण विभाग एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. कामती सिंह परिहार, आस्था समिति के संचालक दौलत राम कश्यप व अंजना द्रोणाचार्य तिवारी अधिवक्ता उपास्थित हुई। कार्यक्रम के प्रारंभ में आंतरिक परिवाद समिति की पीठासीन अधिकारी डॉ. ऋचा मिश्रा ने बताया की यह समिति 2017 से कार्यरत है एवं अब तक कोई भी केस दर्ज नहीं हुए है। प्राचार्य ने अपने उद्बोधन में बतलाया कि समिति के द्वारा समय समय पर महिला सुरक्षा जागरूकता हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं जो महिला सशक्तिकरण एवं अधिकारों की जागरूकता हेतु अत्यावश्यक है। प्रथम तकनीकी सत्र में डा कामती सिंह परिहार द्वारा महिलाओं को प्राप्त अधिकारों के संबंध में विस्तार से चर्चा की तत्पश्चात कार्यक्रम की मुख्य अतिथि अभिलाषा पांडा द्वारा कार्य स्थल पर महिलाओं की सुरक्षा एवं महिलाओं को जागरूक होना आवश्यक विषय पर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की तत्पश्चात द्वितीय तकनीकी सत्र में दौलतराम कश्यप जी ने समिति के दायित्वों एवं महाविद्यालय के सुरक्षित वातावरण पर प्रकाश डाला, अंजना द्रोणाचार्य तिवारी अधिवक्ता द्वारा महिलाओं को अपने अधिकारों के संबंध में जागरूक होने एवं विधिक साक्षरता के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की कार्यशाला के अंत में डॉ. सुनीता जाखड़ द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया गया। उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक दीपक देवांगन, डॉ. दीप्ति जांगड़े, डॉ. अनिल शर्मा, मुकेश कामले, नरेंद्र कुलमित्र, संतोष साहू, कविता कन्नौज, स्वेक्षा परिहार, धनेश्वरी राजपूत, वैभव गुप्ता, भोलूदास शशि नेताम, विष्णु साहू, उषा साहू सहित बड़ी संख्या में अधिकारी कर्मचारी एवम छात्र छात्राये लाभन्वित हुए।

## निमार्ण कार्य बनना प्रारंभ, सूचना संबंधी कोई भी बोर्ड नहीं

कवर्धा। बोडला ब्लॉक के वनांचल में नीरा नदी पर बहुप्रतिक्षित रपटा (पुल) स्वीकृती मिलने के बाद रपटा बनना भी प्रारंभ हो गया है लेकिन निर्माण स्थल पर सूचना संबंधी कोई भी बोर्ड नहीं लगा है। बोडला ब्लाक के ग्राम सोनतरा अमेरा में नीरा नदी पर रपटा (पुल)बनाया जा रहा है जिससे कई गांवों के लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। लेकिन प्रदर्शन बोर्ड ना होने से कितने की स्वीकृति राशि है कौन कार्य एजेंसी और किस अभियंता के देखरेख में कार्य हो रही है यह पता नहीं चल पा रही है। ग्रामीणों ने मांग की है कि प्रदर्शन बोर्ड लगाया जाए।

आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कवर्धा जिला-कबीरधाम (छ.ग.)
हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग से संबद्ध
email.ID : govtpgcollege.kawardha@gmail.com, Website: www.pgcollegekawardha.edu.in


कवर्धा, दिनांक 30.11.2023

# आमंत्रण

महाविद्यालय में दिनांक 01.12.2023 को WISH COMMITTEE द्वारा महिला स्वास्थय सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन कक्ष क्र. 16 (स्मार्ट क्लास रूम) में प्रातः 10.30 बजे किया जाना है। अतः उक्त कार्यक्रम में आप सभी सादर आमंत्रित हैं।

संयोजक
WISH COMMITTEE
आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
कवर्धा

प्राचार्य
आचार्य पंथ श्री गृन्ध मुनि नाम साहेब
शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
कवर्धा


GPS Map Camera
Kawardha, Chhattisgarh, India
263F+XX8, Kawardha, Chhattisgarh 491995, India
Lat 22.004738°
Long 81.224561°
01/12/23 10:41 AM GMT +05:30
Google


महिला सशक्तिकरण
एवं
जागरुकता अभियान
जागरूक नारी से घर का विकास
महिलाओं के स्वास्थ्य सुरक्षा
और मासिक स्वच्छता अभियान
कंचनलता ध्रुवे 8962934605
TRADER
Dec 01, 2023, 11:08


GPS Map Camera
Kawardha, Chhattisgarh, India
263F+XX8, Kawardha, Chhattisgarh 491995, India
Lat 22.004738°
Long 81.224561°
01/12/23 10:48 AM GMT +05:30
Google